अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के कायाकल्प की तैयारी

जासं • लखनऊ : जल्द ही अमौसी औद्योगिक क्षेत्र का कायाकल्प होगा। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा 53.11 करोड़ रुपये से विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसमें सड़कों की मरम्मत के साथ जलनिकासी और स्टेट आफ द आर्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की जाएगी। वहीं, व्यापक ग्रीनरी, सीसी कैमरे से कवरेज के साथ ही कामन फैसिलिटी सेंटर को भी परियोजना के अंतर्गत अपग्रेड किया जाएगा। इन सभी कार्यों को अटल औद्योगिक अवसंचरना मिशन के अंतर्गत पूरा किया जाएगा।

• अटल औद्योगिक अवसंचरना मिशन के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अमौसी

• व्यापक ग्रीनरी, सीसी कैमरे से कवरेज संग कामन फैसिलिटी सेंटर भी होगा अपग्रेड

मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार अमौसी औद्योगिक क्षेत्र का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि विकास कार्यों के माध्यम से राज्य में नए औद्योगिक अवसर और संभावनाएं सामने आएंगी और लखनऊ एक मजबूत औद्योगिक माडल के रूप में उभरेगा।

ये होंगे विकास कार्य

• 4.23 किमी सड़कों की मरम्मत व 800 मीटर पक्की सड़कों का निर्माण

• जल निकासी व संचयन प्रणाली के लिए विभिन्न सड़कों के किनारे सात पुलिया और 2.89 किमी लंबी डल निकासी लाइन समेत 98 डीसिल्टिंग चैंबर का निर्माण

• ईवी चार्जिंग स्टेशन और नया प्रवेश। बस शेल्टर, स्ट्रीट फर्नीचर को भी इंस्टाल किया जाएगा।

• स्टेट आफ द आर्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल व कमांड सेंटर तैयार किया जाएगा।

• बेहतर सुरक्षा के लिए उन्नत सीसी कैमरा इंस्टालेशन व कामन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) को अपग्रेड किया जाएगा।

• 73044 वर्ग मीटर क्षेत्र को घास, पेड़ पौधों के जरिए ग्रीनरी कवर के तौर पर विकसित किया जाएगा। सड़कों और पार्कों के किनारे बागवानी के लिए वर्षा जल संचयन समेत विभिन्न प्रणालियां विकसित की जाएंगी।

• 13 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर होगा, जिसमें 33 केवी और 11 केवी के तारों को एंट्री गेट पर अंडरग्राउंड बिछाना, स्ट्रीट लाइट, तिरंगा लाइट वाले हाईमास्ट पोल और केबलों की स्थापना की जाएगी। डिस्प्ले बोर्ड और एलईडी फसाड लाइटिंग की जाएगी।